प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 19.02.2026

ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत थाना वेव सिटी पुलिस टीम एवं एएनटीएफ यूनिट, मेरठ द्वारा चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 57 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

दिनांक 18.02.2026 को थाना वेव सिटी पुलिस टीम एवं ANTF यूनिट मेरठ द्वारा मेनुअल ईनपुट के आधार पर चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्त (1). अच्छन खान पुत्र अब्दुल रब निवासी जुग्गी नं0 T- 51 इन्द्रा कालौनी थाना शालीमार बाग, उत्तर पश्चिम दिल्ली मूल निवासी सिमरियाँव थाना दुधारा जिला संतकबीर नगर उम्र करीब 49 वर्ष (2). गुलाम हैदर पुत्र अब्दुल वहिद आलम निवासी वार्ड नं0 20 मौहल्ला लालबाग पोस्ट लालबाग थाना टाऊन जनपद दरभंगा बिहार उम्र 50 वर्ष (3). अमन हैदर पुत्र गुलाम हैदर निवासी वार्ड नं0 20 मौहल्ला लालबाग पोस्ट लालबाग थाना टाऊन जनपद दरभंगा बिहार उम्र 19 वर्ष को 57 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा के साथ राजकम्पाउण्ड के सामने लालकुंआ से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 8/20b(ii)c NDPS Act के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः- गिरफ्तार अभियुक्त उपरोक्त से पूछताछ पर यह तथ्य प्रकाश में आये कि अभियुक्त अच्छन खान व गुलाम हैदर, सिलीगुड़ी पश्चिम बंगाल से अवैध गांजा खरीदकर तीनों मिलकर मंहगे दामों पर गाजियाबाद व दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में बेचते है। इसी क्रम में दिनांक 18.02.2026 को भी सभी अभियुक्त इसी गांजे को गाजियाबाद लालकुँआ के आस पास बेचने आये थे कि पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

- अच्छन खान पुत्र अब्दुल रब निवासी जुग्गी नं0 T- 51 इन्द्रा कालौनी थाना शालीमार बाग, उत्तर पश्चिम दिल्ली मूल निवासी सिमरियाँव थाना दुधारा जिला संतकबीर नगर उम्र करीब 49 वर्ष।
- गुलाम हैदर पुत्र अब्दुल वहिद आलम निवासी वार्ड नं0 20 मौहल्ला लालबाग पोस्ट लालबाग थाना टाऊन जनपद दरभंगा बिहार उम्र 50 वर्ष
- अमन हैदर पुत्र गुलाम हैदर निवासी वार्ड नं0 20 मौहल्ला लालबाग पोस्ट लालबाग थाना टाऊन जनपद दरभंगा बिहार उम्र 19 वर्ष

गिरफ्तार अभियुक्तों का आपराधिक इतिहासः-

गिरफ्तार अभियुक्तगण अच्छन खान व गुलाम हैदर व अमन हैदर उपरोक्त के विरुद्ध थाना वेव सिटी पर उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में 01 अभियोग पंजीकृत है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

बरामदगी का विवरणः-

- 57 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

थाना वेव सिटी पुलिस टीम व ANTF यूनिट, मेरठ।

ट्रांस हिण्डन जोन, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थानों व सर्विलांस/स्वॉट टीम द्वारा भिन्न-भिन्न कम्पनियों के कुल 254 मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 75 लाख रूपये) रिकवर कर मोबाइल फोन स्वामियों को लौटाये गये।

सी०ई०आई०आर० (सेन्ट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर ट्रांस हिण्डन जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानों पर मोबाइल फोन चोरी, स्नैचिंग लूट व मोबाइल फोन खोने आदि की प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए ट्रांस हिण्डन जोन पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस एवं मैनुअल इनपुट की सहायता से सर्विलांस टीम द्वारा मोबाइल फोन की बरामदगी के लिये तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण कर भिन्न-भिन्न कम्पनियों के कुल 254 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 75 लाख रूपये की बरामदगी की गई है। चोरी, स्नेचिंग/लूट व खोये हुए मोबाइल फोन को देश के विभिन्न राज्यों (हरियाणा, बिहार, दिल्ली एनसीआर आदि) में से बरामद किया गया है। बरामद मोबाइल फोन को उनके स्वामियों की पहचान कर प्रदान किये गये हैं। रिकवरी प्रतिशत के आधार पर अच्छा प्रदर्शन करने वाले थाने, थाना शालीमार गार्डन 66% व थाना टीलामोड 56% रहा है।

थानावार मोबाइल फोन बरामदगी का विवरणः-

1. थाना इन्दिरापुरम – 50
2. थाना कौशाम्बी – 60
3. थाना खोड़ा – 32
4. थाना साहिबाबाद – 21
5. थाना लिंकरोड़ – 30
6. थाना शालीमार गार्डन – 42
7. थाना टीलामोड़ – 19

बरामदगीः-

गुमशुदगी हुए मोबाइल फोन – 254

कुल बरामद मोबाइल फोनः-

254 मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 75 लाख रूपये)

साइबर सेल थाना सिहानीगेट पुलिस द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी गई 1,35,306/- रुपये की धनराशि वापस कराई गई।

दिनांक 05.01.2026 को आवेदक नरेन्द्र चानना पुत्र स्व0 नारायण दास चानना निवासी-156 मालीवाडा थाना सिहानीगेट कमि0 गाजियाबाद द्वारा साइबर पोर्टल पर शिकायत स0-33101260002936 दर्ज की गयी, जिसमे आवेदक नरेन्द्र उपरोक्त के खाते से 1,35,306/- रुपये का फ्रॉड हुआ व आवेदक द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज की गयी।

कार्यवाही का विवरण

साइबर सेल टीम द्वारा आवेदक नरेन्द्र चानना की शिकायत स0-33101260002936 पर कृत कार्यवाही कर आवेदक के रुपये जिस मर्चेंट खाते मे गये उसे होल्ड कराया गया व दिनांक 19.02.2026 को 1,35,306/- रुपये वापस कराये गये व आवेदक द्वारा साइबर सेल थाना सिहानीगेट कमि0 गाजियाबाद का आभार प्रकट किया।

कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम:-

साइबर सेल टीम थाना सिहानीगेट कमि0 गाजियाबाद